## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–26.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य में कोरोना ने फिर दी दस्तक, रांची के एक व्यक्ति में नये वैरियेंट की हुई पुष्टि, स्वास्थ्य मंत्री ने बुलायी आपातकालीन बैठक।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल रांची में करेंगे उच्चस्तरीय बैठक, राज्य की विधि व्यवस्था की करेंगे समीक्षा।
- कांग्रेस ने सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष किया प्रदर्शन, भाजपा ने जनता को दिग्भ्रमित करने का लगाया आरोप।
- जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा के परिणाम कल होंगे घोषित, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन दिन के साढ़े ग्यारह बजे जारी करेंगे रिजल्ट।
- राज्य में प्री मानसून की बारिश शुरु, मौसम विभाग ने रांची समेत कई जिलों में 31 मई तक गरज और तेज हवा के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की जारी की चेतावनी।

*******************

राज्य में कोरोना के नये वेरियेंट ने दस्तक दे दी है। रांची में एक व्यक्ति में कोरोना के वायरस होने की पुष्टि हुई है। कोरोना पीड़ित व्यक्ति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोरोना पीड़ित व्यक्ति 22 मई को मुंबई से रांची लौटा है। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने रांची सदर अस्पताल में आपातकालीन बैठक बुलायी है। बैठक में कोरोना के नये वेरियेंट से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है।

*******************

राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने वाले हैं। झारखंड मंत्रालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव, गृहसचिव, डीजीपी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। गृह सचिव वंदना दादेल द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में विधि व्यवस्था को लेकर 16 एजेंडों पर समीक्षा की जाएगी।

*******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के द्वारा राजधानी रांची के राजभवन के समीप सरना धर्म कोड की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि जातिगत जनगणना में आदिवासियों का एक अलग कॉलम हो ताकि आदिवासियों की धार्मिक सांस्कृतिक पहचान और अस्तित्व बचा रहे।

*******************

बाद में कांग्रेस के शिष्टमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर जनगणना प्रपत्र में सरना धर्म कोड के लिए पृथक कॉलम जोड़ने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

*******************

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरना कोड और संविधान के नाम पर कांग्रेस लोगों को दिग्भ्रमित कर रही है।

*******************

झामुमो के केंद्रीय सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा की ओर से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा पर सवाल उठाये।

*******************

इधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और एक ज्ञापन देकर राज्य की नयी उत्पाद नीति पर सरकार को सलाह देने का आग्रह किया। श्री मरांडी ने आग्रह किया कि राज्य सरकार को समुचित दिशा–निर्देश दिया जाय, ताकि उत्पाद नीति अधिक प्रभावी, समावेशी तथा राजस्व हित में लाभकारी बन सके।

*******************

भारत, विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के साथ आतंकवाद को समर्थन देने संबंधी पाकिस्तान की घृणित साजिश का विश्व में खुलासा कर रहा है। भारत इसके जरिये आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति का प्रसार कर रहा है। अलग–अलग प्रतिनिधिमंडल आज  दक्षिण कोरिया,बहरीन, कतर, स्लोवेनिया और पेरिस पहुंचा है, जहां भारत का पक्ष रखा जा रहा है।

*******************

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का स्थानांतरण–पदस्थापन किया है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक रांची, लातेहार, कोडरमा और साहिबगंज को छोड़ शेष सभी 20 जिलों के उपायुक्तों को बदल दिया गया है।

*******************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला झारखंड के दो दिवसीय दौरे के बाद आज नयी दिल्ली लौट गये हैं। रांची एयरपोर्ट पर झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने अंगवस्त्र पहना कर और भगवान बिरसा मुंडा का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें विदा किया। एयरपोर्ट स्थित विशेष अतिथि कक्ष में दोनों नेताओं के बीच विधायी विषयों पर अनौपचारिक बातचीत भी हुई। बता दें कि ओम बिरला दो दिवसीय दौरे पर कल रांची आए थे।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक ए हैंड बुक ऑफ एनथ्रोपोलोजिकल थाउट का राज भवन में विमोचन किया। राज्यपाल ने डॉ पाण्डेय को पुस्तक लेखन के लिए बधाई दी। इस दौरान पुस्तक के लेखक डॉ यदुनाथ पाण्डेय ने कहा कि इस पुस्तक में कुल 24 अध्याय के अतिरिक्त प्रश्नोत्तर खंड भी सम्मिलित हैं, जो विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

*******************

झारखंड अधिविद् परिषद–जैक द्वारा मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा कल की जाएगी। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन कल दिन के साढ़े ग्यारह बजे जैक सभागार में रिजल्ट जारी करेंगे। मौके पर स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह भी मौजूद रहेंगे। रिजल्ट जारी होते ही छात्र–छात्राएं जैक रिजल्ट डॉट कॉम या जैक डॉट झारखंड डॉट गोव डॉट इन पर इसे ऑनलाइन देख सकेंगे। छात्र एसएमएस के माध्यम से भी अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं।

*******************

हजारीबाग में उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब फैक्ट्ररी का भंडाफोड किया है। अवैध मिनी शराब फैक्ट्री झारखंड और बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र चौपारण थाना क्षेत्र के भदान गांव में संचालित थी। उत्पाद विभाग ने लगभग 15 लाख रुपए की नकली शराब जब्त की है। अंग्रेजी शराब बनाने के कई समान भी बरामद किये गये हैं।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत स्थापित बंबो प्रोडक्ट डेवलेपमेंट प्रोजेक्ट को फिर से शुरु किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य के विभिन्न जिलों में 31 मई तक गरज के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 10 जून से पहले मॉनसून के पहुंचने की सम्भावना है। यही वजह है विभिन्न जिलों में प्री मॉनसून की बारिश हो रही है। इससे राज्य भर में तापमान में कमी आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

******समाप्त*******